>

Title: Need to run Ordnance Equipment Factory in Kanpur to its full capacity.

श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.): कानपुर स्थित आर्डिनेंस इक्युपमेंट फैक्ट्री द्वारा विगत वर्षों में कार्यक्षमता की दृष्टि से काफी कम कार्य हो रहा है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में ओ.ई.एफ. कानपुर के लिए 350 करोड़ रूपयों के सापेक्ष कार्य आवंटित हैं, लेकिन प्रथम 4 माह में 30 करोड़ का ही काम फैक्ट्री द्वारा किया गया है। धीमी गति से किए जा रहे काम के परिणामस्वरूप आपूर्ति में देरी को आधार बनाकर निजी आपूर्तिकर्ताओं को काम देने का मार्ग प्रशस्त करना है।

अधिकारियों की मिलीभगत के कारण इन फैक्ट्रियों में कार्यरत कर्मचारियों का अहित हो रहा है, देश का धन निजी कंपनियों के हाथ में जा रहा है और आपूर्ति में जो माल सप्लाई हो रहा है वह मानकों के अनुरूप नहीं होता है।

ऐसी दशा में विलंब हेतु कारणों की पहचान कर उन पर समय रहते कार्यवाही की जाए ताकि आर्डिनेंस इक्यूपमेंट फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों का अहित न हो, सार्वजनिक धन निजी हाथों में न जाए और सामान उच्च् गुणवत्ता का प्राप्त हो।